प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

24 जनवरी 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक ने जीओआई एफआरबी 2035 पर ब्याज दर की घोषणा की

25 जनवरी 2025 से 24 जनवरी 2030 की अवधि के लिए भारत सरकार के अस्थिर दर वाले बॉण्ड, 2035 (जीओआई एफआरबी 2035) पर लागू ब्याज दर 6.66 प्रतिशत प्रति वर्ष होगी।

यह विदित है कि जीओआई एफआरबी 2035, भारत सरकार द्वारा आईडीएफ़सी के गौण ऋण के अंतरण के लिए निजी स्थानन आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक को 25 जनवरी 2005 को जारी किया गया था। इन बॉण्ड पर ब्याज दर को बैंक द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा जो प्रत्येक पाँच वर्ष की अवधि की शुरुआत से पूर्व अंतिम कार्य-दिवस को सरकारी प्रतिभूतियों पर लागू 5-वर्षीय प्रतिफल की स्थिति के अनुसार होगा। तदनुसार, जीओआई एफ़आरबी 2035 का कूपन, 24 जनवरी 2025 की स्थिति के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों में किए गए द्वितीयक बाज़ार लेन-देनों के आधार पर निर्धारित किया गया है।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2005